Tirupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 17 November 2019
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-11 Issue - 24

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

News of the Week कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और एनसीपी चीफ शरद पवार से हरी झंडी मिलने के बाद महाराष्ट्र में शिवसेना–एनसीपी–कांग्रेस के बीच गठबंधन की स्थिति अब धीरे–धीरे साफ होती दिख रही है। गठबंधन का प्रमुख अजेंडा किसान और विकास होगा।

Inside Ghaziabad

पेज नंबर 2
डेबिट–क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी होने पर भी नहीं...

पेज नंबर 5
Bus with private firm staff rams tractor...

TIRUPATIEYE

रिश्वत मामले में चार्जशीट पेश

गाजियाबाद : सीबीआइ ने रिश्वत लेने के आरोपित रेलवे अधिकारी के मामले में सीबीआइ कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी। अभी अदालत ने इस पर संज्ञान नहीं लिया है। मंगलवार को लिंक कोर्ट में सुनवाई के बाद तारीख लगा दी। रिश्वत कांड का मामला गाजियाबाद रेलवे स्टेशन का है। सीबीआइ के लोक अभियोन अधिकारी हरिमोहन ने अदालत को बताया कि आरोपित रेलवे अधिकारी मोहम्मद रफीक हैं।

सीबीआइ इंस्पेक्टर की हुई गवाही

गाजियाबाद : सीबीआइ कोर्ट में गेल के पूर्व भूमि अध्याप्ति अधिकारी के आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआइ इंस्पेक्टर ने बयान दर्ज कराए। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए तारीख लगा दी। सीबीआइ के लोक अभियोजक कुलदीप पुष्कर ने अदालत को बताया कि मूल रूप से प्रतापगढ़ निवासी आरोपित अधिकारी बीएस ओझा गैस अथारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) नोएडा में विशेष कार्याधिकारी (भूमि अध्याप्ति) पर परियोजनाओं के लिए सर्वे करवाने और भूमि अधिग्रहण करने की जिम्मेदारी थी।

वाराणसी बमकांड में हुई बहस

गाजियाबाद : वाराणसी बम कांड में मंगलवार को जिला जज दिनेश शर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान बचाव पक्ष ने बहस किया। आगे की सुनवाई के लिए अदालत ने तारीख लगा दी। घटना के आरोपित वलीउल्लाह को कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार को डासना जेल से लाकर कोर्ट में पेश किया गया।

दिसंबर से किसी भी जिले में बनवा सकते है ड्राइविंग लाइसेंस

मूल पते पर ही पहुंचेगा डीएल, ऑनलाइन ही लाइसेंस के लिए करना होगा आवेदन

गाजियाबाद : प्रदेश के लोगों के लिए अच्छी खबर है। दिसंबर से वह किसी भी जिले से ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी होने के बाद लाइसेंस उनके मूल पते पर पहुंच जाएगा। अभी तक लाइसेंस बनवाने के लिए संबंधित जिले का एड्रेस प्रूफ देना पड़ता है। लाइसेंस बनवाने के लिए बिजनेसमैन, नौकरीपेशा लोगों को डीएल बनवाने के लिए अपने मूल पते वाले जिले में जाना पड़ता है। यह व्यवस्था दिसंबर के शुरू तक लागू हो जाएगी। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आप जिस जिले के रहने वाले हैं या जिस जिले के आपके प्रमाण पत्र बने हुए हैं, उसी जिले में जाकर आपको ड्राइविंग लाइसेंस के लिए चक्कर काटने पड़ते थे। कई बार परेशान होने के बावजूद लोगों के डीएल नहीं बन पाते थे। अब ऐसे लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। जो अपने जिले से बाहर रहकर नौकरी कर रहे हैं। उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना है तो वह नौकरी वाले स्थान से ऑनलाइन आवेदन के बाद संबंधित आरटीओ और एआरटीओ कार्यालय पर जाकर लाइसेंस की प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। फिंगर प्रिंट से लेकर ऑनलाइन फोटो खिंचवा सकते हैं। पहले कोई भी व्यक्ति अपने प्रमाण पत्र लेकर संभागीय कार्यालय में जाता था, तो उसे यह कहकर वापस भेज देते थे कि जिस जिले के रहने वाले हैं। उसी जिले में जाकर प्रक्रिया पूरी कराएं। उनकी मदद नहीं होती थी। लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन पाते थे। समय न होने के कारण उन्हें परेशानी झेलनी पड़ती थी। वहीं डीएल बनने के बाद आपके मूल पते पर ही पहुंचेगा, चाहें आपने लाइसेंस किसी भी जिले में बनवाया हो। इससे कई फायदे होंगे। वाहन से घटना करने वाले व्यक्ति को आसानी से पकड़ा जा सकेगा। क्योंकि अधिकतर लोग अपने पते को बदलते रहते हैं। उसमें ऐसा नहीं कर पाएंगे।

इंदिरापुरम में तीन जगह बनाया जाएगा नो पार्किंग जोन

गाजियाबाद : जीडीए ने इंदिरापुरम में सड़कों से जाम की समस्या खत्म करने के लिए तीन जगहों पर नो पार्किंग जोन बनाने का फैसला किया है। इसके लिए भीड़भाड़ वाले तीन जगहों को चिन्हित किया है। सबसे पहले शिप्रा मॉल और हैबिटेट सेंटर के बीच वाली रोड पर नो पार्किंग जोन बनाया जाएगा। इसका उल्लंघन करते हुए पकड़े जाने पर जीडीए गाड़ी के चालक से जुर्माना वसूल करेगा। दरअसल, एओए फेडरेशन के अधिकारी कई सालों से इंदिरापुरम की सड़कों को अतिक्रमण और जाम मुक्त बनाने की जीडीए से मांग कर रहे हैं। इसके लिए फेडरेशन के पदाधिकारियों ने अस्थाई पार्किंग बनवाकर लोगों को राहत देने की मांग की थी। मगर अधिकारियों ने इस प्रस्ताव में तमाम खामियां और नियमों का उल्लंघन बताकर नकार दिया। अब जीडीए अधिकारियों ने तीन जगहों पर नो पार्किंग जोन बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने शिप्रा मॉल और हैबिटेट सेंटर के बीच जगह को बुधवार से नो पार्किंग जोन बनने पर इसका सख्ती से पालन कराने की बात कही है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से इंदिरापुरम में वाहनों का जाम और अतिक्रमण खत्म कराने के लिए प्लानिंग बन रही थी। इसमें जीडीए के स्टाफ से कई विचार और तरीके सामने आए। जहां उच्च अधिकारियों ने उन्हीं में से नो पार्किंग जोन के प्वाइंट बनाने का फैसला किया है।

Ghaziabad green-lights projects worth Rs 148 crore

GHAZIABAD: Projects worth Rs 148 crore were sanctioned at the infrastructure fund and 14th finance commission meeting of the Ghaziabad Municipal Corporation (GMC) at the district collectorate on Wednesday. The biggest allotment was made to the infrastructure fund – Rs 28 crore for the construction of roads and drains by the public works department. An additional Rs 8.5 crore has been allotted for other construction works. Rs 2.76 crore has been given to the streetlight wing. The health department has been allotted Rs 14.07 crore for buying 50 small loaders for door-to-door collection, 2,000 biometric watches for sanitation workers and field officers, water sprinklers and composting machines, among other equipment. Rs 6.37 crore will be spent on the construction of an RCC stormwater drain from Prahlad Garhi to Vaishali Canal and Rs 3.96 crore on building a drain from Nandgram to Sai Enclave. Horticulture department has been allocated Rs 2.79 crore for buying park equipment.

योगी सरकार ने 10 अहम प्रस्तावों पर लगाई मुहर

यूपी कैबिनेट बैठक

लखनउ : लोकभवन में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट बैठक में प्रदेश के सरकारी मेडिकल कालेजों में संविदा पर रखे जाने वाले डॉक्टरों के मानदेय बढ़ाने का फैसला लिया गया। इसके साथ ही कुल 10 प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लगी।

इन फैसलों पर लगी मुहर

–सोनभद्र के उम्भा गांव के पात्रता रखने वाले लोगों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने का प्रस्ताव पास हुआ,कुल 37 परिवारों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल किया गया। –1.68 लाख और लोगों को यूपी में आयुष्मान भारत का लाभ दिया जाएगा। –मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ बीपीएल परिवारों को दिया जाएगा। –संविदा मेडिकल शिक्षकों के वेतन बढ़ाने को कैबिनेट की मंजूरी। –उत्तर प्रदेश औद्योगिक व सुधार नीति के संबंध में प्रोत्साहन प्रस्ताव पास 2017 की नीति में संशोधन किया जाएगा। –राज्य संपत्ति विभाग द्वारा 16 लक्जरी कारें खरीदने का प्रस्ताव पास हुआ,15 फार्च्यूनर और 1 इनोवा क्रिस्टा खरीदी जाएगी। –बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे परियोजना का बैंकों के माध्यम से वित्त पोषण हेतु अनुमोदन का प्रस्ताव पास हुआ। –सूचना सलाहकार शलभ मणि त्रिपाठी और डॉ रहीस सिंह को सूचना सलाहकार के तौर पर 1 लाख रुपये वेतन और 25 हजार आवासीय भत्ता देने का प्रस्ताव पर मुहर। –राजकीय मेडिकल कॉलेज आगरा में केंद्रीय पुस्तकालय के नवीन भवन निर्माण हेतु आवश्यक भूमि की उपलब्धता कराने के लिए कॉलेज परिसर में ही स्थित पुराने भवनों का ध्वस्तीकरण किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पास। –एनएचआई दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस वे परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण की गई उनमें अनियमितताओं की शिकायतों के संबंध में कमिश्नर मेरठ के शिकायतों की जांच आख्या पर कार्यवाई का प्रस्ताव पास। –तत्कालीन डीएम गाजियाबाद विमल शर्मा और निधि केसरवानी पर कार्रवाई होगी।

अब अलीगढ़ का नाम बदलने की तैयारी

अलीगढ़ : योगी सरकार के आगरा का नाम बदलने की चर्चाओं के बीच भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने भी अलीगढ़ का नाम बदलकर हरीगढ़ करने की बात करना प्रांरभ कर दिया है। अलीगढ़ का नाम बदलने की सबसे पहले कवायद कल्याण सिंह ने अपने मुख्यमंत्री रहते की थी, लेकिन केंद्र में कांग्रेस सरकार होने के चलते मकसद में सफल न हो सके। शहरों का नाम बदलने की कवायद आगरा को अग्रवन करने के साथ फिर से शुरु हो गई है। इसके साथ ही पिछले काफी समय से चली आ रही अलीगढ़ को हरिगढ़ करने की मांग उठने लगी है। योगीराज में वर्ष 2018 में आजमगढ़ का नाम आर्यमगढ़ करने का प्रस्ताव तैयार करने की तैयारी की गई थी। जिसके साथ ही सांसद सतीश गौतम व शहर विधायक संजीव राजा ने अलीगढ़ को हरिगढ़ करने के मांग शासन स्तर पर की थी। हालांकि सबसे पहले विश्व हिन्दू परिषद ने वर्ष 2015 में अलीगढ़ में एक प्रदेशव्यापी बैठक में प्रस्ताव पास कर अलीगढ़ का नाम हरिगढ़ करने की बात की थी। भाजपा महानगर उपाध्यक्ष सुबोध स्वीटी ने बताया कि तत्कालीन सीएम कल्याण सिंह ने 1992 में मुख्यमंत्री रहते हुए शहर का नाम हरिगढ़ करने कोशिश की थी।

बहुत हो चुका मंदिर–मस्जिद, अब विकास की बात होनी चाहिए : शिवपाल यादव

फिरोजाबाद : प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने अयोध्या मामले में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन किया। वहीं प्रदेश की योगी सरकार पर भ्रष्टाचार रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सोमवार को बांके बिहारी गेस्ट हाउस पर आयोजित पार्टी कार्यकर्ता रघुराज सिंह सविता की बेटी के शादी समारोह में भाग लेने आए थे। जहां वे मीडिया कर्मियों से रुबरू हुए। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अयोध्या मामले में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हर वर्ग को सम्मान करना चाहिए। शिवपाल ने कहा कि वे पहले से कहते आ रहे हैं कि अयोध्या विवाद का समाधान या तो आपसी समझौते से हो या दोनों पक्ष सुप्रीम कोर्ट का निर्णय मानें। चूंकि अब फैसला आ चुका है जिसें सभी को मानना चाहिए। प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल ने कहा कि बहुत हो चुका मंदिर–मस्जिद। अब देश में विकास की बात होनी चाहिए। समाज में अमन–चैन कायम रहना चाहिए। हमारी तो यही प्राथमिकता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यूपी में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। सरकारी अफसर मनमानी कर रहे हैं। सड़कों के गड्ढे तक अभी नहीं भरे जा सके हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार रोकने में विफल साबित हो रही है।

नोएडा के सैकड़ों फर्जी कॉल सेंटरों से विदेशों तक ठगी जारी



नोएडा : पश्चिमी दिल्ली में फर्जी कॉल सेंटर बनाकर कनाडा के लोगों से ठगी का मामला नया नहीं है। नोएडा के ऐसे ठगों की तलाश में तो नवंबर 2018 में कनाडा की पुलिस और अमेरिका की एफबीआई की टीम नोएडा तक आ गई थी। उन्होंने करीब सौ से अधिक ऐसे फर्जी कॉल सेंटरों की सूची भी पुलिस को सौंपी थी, जिनके द्वारा अमेरिका और कनाडा में बैठे लोगों से ठगी की गई थी। लेकिन अभी तक भी उनका यह धंधा बदस्तूर जारी है और कॉल सेंटरों के माध्यम से सात समुद्र पार बैठे लोगों को भी ठगा जा रहा है। पुलिस की ही मानें तो यहां पर दो हजार से ज्यादा कॉल सेंटर चल रहे हैं, किस कॉल सेंटर में क्या हो रहा है और कहां पर गलत काम हो

रहे हैं और कहां पर सही, इसके संबंध में एकदम सटीक नहीं बताया जा सकता। लेकिन फर्जी कॉल सेंटर भी यहां से संचालित हो रहे हैं, जिनके माध्यम से दूर–दराज में बैठे लोगों को ठगा जा रहा है। जिसका खुलासा किसी शिकायत के सामने आने के बाद ही होता है। वहीं एसएसपी वैभव कृष्ण ने कहा कि एफबीआई और कनाडा पुलिस द्वारा जो सूची दी गई थी, उस पर कार्रवाई करते हुए उस दौरान अनेक फर्जी कॉल सेंटरों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके अलावा भी पुलिस लगातार कॉल सेंटरों पर कार्रवाई करती रहती है। उनके बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जाता रहता है। पुलिस के अनुसार ये लोग विदेश में बैठे लोगों के कम्प्यूटर स्क्रीन पर एक वायरस पॉप अप भेजते हैं. इसके बाद कम्प्यूटर धीमा हो जाता है. इसके बाद ये ठग उस शख्स को कम्प्यूटर पर वायरस अटैक का मैसेज भेजते हैं। थोड़ी देर बाद इन लोगों को सर्विस मैन का नंबर भेजते हैं. जब पीड़ति उस वायरस को दूर करने के लिए कॉल करता तो ये कॉल नोएडा के इन फर्जी कॉलसेंटर में आती है। इसके बाद आरोपी जालसाज इस वायरस को ठीक करने के नाम पर कम्प्यूटर को रिमोट पर ले डॉलरों में पैसे ठग लेते है।

डेबिट–क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी होने पर भी नहीं डूबेगा पैसा

नई दिल्ली : देश में डेबिट–क्रेडिट कार्ड के चलन ने बड़ी नकदी लेकर चलने की जरूरत को खत्म कर दिया है। लेकिन इसके इस्तेमाल के साथ इसमें धोखाधड़ी के मामले में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में कार्ड को लेकर किसी धोखाधड़ी की स्थिति में उसकी भरपाई बेहद मुश्किल होती है। इस स्थिति में कार्ड प्रोटेक्शन प्लान (सीपीपी) आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

क्या है सीपीपी

सीपीपी कार्ड का बीमा होता है। एसबीआई सहित कई बैंक अपने कार्ड पर इसकी पेशकश करते हैं। इसके लिए सालाना 900 से 2100 रुपये तक शुल्क वसूलते हैं। इसके तहत क्रेडिट या डेबिट कार्ड को लेकर ऑनलाइन, जालसाजी, एटीएम पिन के जरिए या फिर कार्ड खोने या चोरी होने पर धोखाधड़ी की स्थिति में उसकी भरपाई का कवर शामिल होता है। कार्ड के खोने या चोरी होने के 15 दिन पहले से ऑनलाइन धोखाधडड़ी का कवर उपलब्ध कराया जाता है।

ifjokj dk doj Hkh

कई बैंक बिना शुल्क के आपके परिवार को भी इसमें कवर देने की पेशकश करते हैं। एसबीआई के प्रीमियम कार्ड प्रोटेक्स प्लान में अपने साथ पत्नी को भी कवर में शामिल कर सकते हैं। वहीं इसके प्लैटिनम कार्ड प्रोटेक्शन प्लान में चार लोगों को शामिल कर सकते हैं।

सिर्फ एक कॉल से सभी कार्ड ब्लॉक

कई कार्ड होने की वजह से सभी का विवरण याद नहीं रह पाता है, जिसकी जरूरत कार्ड ब्लॉक करवाने के दौरान होती है। सीपीपी की सुविधा होने पर कार्ड खोने की स्थिति में अलग–अलग बैंकों को फोन करने की जरूरत नहीं होती है। आपको बस एक कॉल सीपीपी के कस्टमर केयर को करना होता है। वह आपके सभी कार्ड को ब्लॉक करवा देगा।

होटल बिल चुकाती है कंपनी : आप घुमने के लिए परिवार के साथ कहीं गए हैं और वहां कार्ड खो जाए तो वैसी मुसीबत की कल्पना भी शायद आप नहीं करना चाहेंगे। सीपीपी की सुविधा होने पर कार्ड खोने की स्थिति में आपको नकद उपलब्ध कराने के साथ आपके होटल बिल और ट्रेन–हवाई जहाज का टिकट का खर्च भी बीमा कंपनी देती है। एसबीआई सीपीपी सुविधा लेने पर 1.60 लाख रुपये तक का होटल बिल और 1.60 लाख रुपये तक की यात्रा सहायता उपलब्ध कराता है।

iSu dkMZ Hkh nk;js esa-

सीपीपी में पैन कार्ड का कवर भी दिया जाता है। इसके खो जाने पर बैंक बिना शुल्क के इसे बनवाते हैं। आप पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस पर भी सीपीपी ले सकते हैं।

संयुक्त आवास आयुक्त की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति बनी

वसुंधरा : संयुक्त आवास आयुक्त ने मंगलवार को द्रोणागिरी अजपा समिति सोसायटी, वसुंधरा सेक्टर – 11 के लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने समस्याओं को शीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया। खुद की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय प्रबंधन समिति का गठन किया है। द्रोणागिरी सोसायटी में संयुक्त आवास आयुक्त अजय कुमार श्रीवास्तव ने अजपा समिति और आवास विकास के बीच विवाद का निपटारे करने की पहल करते हुए बैठक की। पूर्व में भंग की गई प्रबंधन समिति के स्थान पर लोगों की समस्याओं के जल्द से जल्द निपटारे के लिए तैयार नई प्रबंधन समिति का गठन किया गया। प्रबंधन समिति में संयुक्त आवास आयुक्त अजय कुमार श्रीवास्तव को अध्यक्ष बनाया गया। अन्य सदस्यों में अधिशासी अभियंता अतुल कुमार, संपत्ति प्रबंधक हेतम पाल सिंह, सरकारी अधिकारी आवास स्वामीदीन चौधरी, कनिष्ठ लेखाकार एसएस नेगी को भी इस समिति में शामिल किया गया। अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नए प्रबंध समिति के माध्यम से जल्द से जल्द सभी विवादों का निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा। लोगों ने कहा है कि गैर सदस्य द्वारा शिकायत करने पर आवास विकास ने बिना कोई कारण बताओ नोटिस और स्पष्टीकरण के पुरानी समिति को भंग कर दी।

शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने डॉ. नीरज तिवारी

साहिबाबाद : लाजपत राय कॉलेज में मंगलवार को शिक्षक संघ का चुनाव हुआ। इसमें अध्यक्ष पद के लिए डॉ नीरज तिवारी, उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ प्रेमलता, सचिव पद के लिए डॉ संजीव कुमार, सह सचिव पद के लिए डॉ पीतांबर सिंह चौहान और कोषाध्यक्ष पद के लिए राजेश कुमार शर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया। शिक्षक संघ की बैठक में डॉ अरुण कुमार मिश्रा पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। शिक्षक संघ की बैठक में डॉ विभा गुप्ता, डॉ आरके शर्मा, डॉ सुकेश शर्मा , डॉ एसएम जैदी, डॉ पूनम सिंह, डॉ चेतना मिश्रा , डॉ जया सिंह, डॉ हितेंद्र यादव, डॉ विकास कुमार समेत अन्य शिक्षकों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया।

27 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त, दो सौ होर्डिंग हटाए गए

साहिबाबाद : नगर निगम की ओर से बुधवार को वसुंधरा व मोहन नगर जोन में प्रतिबंधित सामग्री मुक्त और पर्यावरण क्षतिपूर्ति अभियान चलाया गया। इस दौरान वसुंधरा जोन में 25 और मोहन नगर में दो किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। जुर्माना वसूला गया। वसुंधरा जोन में दो सौ अवैध होर्डिंग व पोस्टर हटाए गए। वसुंधरा जोनल प्रभारी सुनील राय की अगुवाई में वसुंधरा व वैशाली में अभियान चला। सुनील राय ने बताया कि दुकानों व होटलों पर छापेमारी कर 25 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। इनका प्रयोग करने वालों पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, तंदूर जलाकर पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले से पांच हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। गंदगी फैलाने वाले पर तीन हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। वहीं, बृज विहार व सूर्य नगर में अवैध तरीके से लगे दो सौ अवैध होर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटाए गए। सुनील राय ने बताया कि लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। जोनल प्रभारी एसके गौतम की अगुवाई में मोहन नगर जोन में अभियान चला। इस दौरान टीम ने दो किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त कर सात हजार रुपये जुर्माना वसूला।

प्रदूषणकारियों की सूचना देने वाले होंगे पुरस्कृत

साहिबाबाद : गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में प्रदूषणकारियों की सूचना देने वालों को गणतंत्र दिवस के मौके पर सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। नगरायुक्त दिनेश सिंह ने बताया है कि नगर निगम क्षेत्र में कूड़ा व पॉलीथिन जलाने व अन्य तरह से पर्यावरण को प्रदूषित करने वालों की सूचना लोगों से ली जाएगी। लोग जोनल प्रभारी व सफाई निरीक्षकों को इसकी सूचना दे सकेंगे। इसके अलावा नगर निगम के अन्य अधिकारियों को भी सूचना दे सकेंगे। सूचना देने वाले लोगों का नाम गुप्त रखा जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा।

संपूर्ण समाधान दिवस में सात शिकायतों का निस्तारण

गाजियाबाद : जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में तहसील सदर में मंगलवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय, एसएसपी सुधीर कुमार सिंह समेत अन्य विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी। संपूर्ण समाधान दिवस में मंगलवार को कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुईं, इनमें से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की आने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता, मानक तथा निर्धारित अवधि के अंदर किया जाए और इसकी सूचना संबंधित तहसील को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया है कि जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निस्तारण करते हुए यदि शिकायत सही पाए जाए तो संबंधित निस्तारण में शिकायतकर्ता को भी संतुष्ट किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अस्मिता लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनके गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर आदित्य कुमार प्रजापति, जिला विकास अधिकारी बीसी त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला आयोजित

इंदिरापुरम : केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इंदिरापुरम में मंगलवार को साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीआइएसएफ एनसीआर सेक्टर की ओर से आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन महानिरीक्षक एनसीआर सुधीर कुमार ने किया। आइटी विशेषज्ञ डॉ. नेहा वाजपेयी व काजल कश्यप ने एनसीआर की 24 इकाईयों के 30 राजपत्रित अधिकारियों और 207 अन्य बल के सदस्यों को साइबर क्राइम की जानकारी दी। साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताए। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक सीजीबीएस नई दिल्ली संजय प्रकाश, रघुवीर लाल आदि मौजूद रहे।

भाजपा महानगर व जिलाध्यक्ष के लिए 34 ने किया नामांकन

xkft ;kckn % भाजपा महानगर अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष पद पर दावेदारों ने जोर–आजमाइश शुरु कर दी है। दोनों पदों के लिए बुधवार को नेहरूनगर स्थित महानगर कार्यालय पर नामांकन प्रक्रिया हुई। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष पद पर 17 व जिलाध्यक्ष पद पर 17 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। दावेदार अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे और सभी ने मजबूत दावेदारी की। दोनों पदों के प्रभारियों ने नामांकन पत्र जमा कर लिए हैं अब इन पत्रों को प्रदेश हाईकमान के पास भेजा जाएगा। वहां से पत्रों की जांच के बाद दोनों पदों के लिए नाम फाइनल होगा। संभावना जताई जा रही है कि नवंबर अंत या दिसंबर की शुरुआत में महानगर अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष पद पर नामों की घोषणा कर दी जाएगी। वहीं दो दावेदारों पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं वर्तमान क्षेत्रीय मंत्री अजय शर्मा और क्षेत्रीय मंत्री व तीन बार पार्षद रहे पवन गोयल ने नामांकन पत्र वापस कर दिए। बुधवार को नेहरूनगर स्थित भाजपा के महानगर कार्यालय में दो अलग–अलग कक्षों में दोनों पदों के लिए दावेदारों के नामांकन लिए गए। महानगर अध्यक्ष पद के लिए एटा के विधायक विपिन कुमार डेविड प्रभारी थे और उनका सहयोग राखी त्यागी कर रही।

25 नवंबर को चक्का जाम करेंगे ट्रांसपोर्टर

साहिबाबाद : भाईचारा ऑल इंडिया ट्रक ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर सीमा साहिबाबाद में ट्रांसपोर्टरों व ट्रक ऑपरेटरों की बैठक हुई। बैठक में आगामी 25 नवंबर को होने वाले देशव्यापी चक्का जाम को लेकर रणनीति तय की गई। ट्रांसपोर्टरों व ट्रक ऑपरेटरों ने चक्का जाम में पूरी तरह से शामिल होने का एलान किया। एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी प्रमोद श्योराण ने बताया कि 11 मांगों को लेकर चक्का जाम किया जाए। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन की मांग है कि एक सितंबर को लागू नए मोटर व्हीकल एक्ट तत्काल निरस्त किया जाए।

रोडवेज में समय पर नहीं बन रहे स्मॉर्ट कार्ड, यात्री परेशान

साहिबाबाद : रोडवेज यात्रियों को इन दिनों रोडवेज की बसों के लिए स्मॉर्ट कार्ड बनाने में परेशानी आ रही है। वहीं स्मॉर्ट कार्ड आवेदन देने के हफ्तों हफ्तों बाद भी कार्ड बनकर तैयार नहीं हो रहा है, जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं बसों में सफर के दौरान खुले पैसे ना होने के कारण भी उनको यह कार्ड की अधिक याद आती है। उधर रोडवेज के अधिकारियों कहना है स्मॉर्ट कार्ड बनाने वाली कंपनी से वार्ता कर जल्दी की समस्या को समाधान किया जाएगा। रोडवेज यात्री अशोक ने बताया है कि उन्होंने करीब 20 दिन पहले अपने बेटे के लिए आवेदन किया था लेकिन अब तक कार्ड बनकर नहीं आया है, वहीं मेरठ जाने वाले यामीन ने बताया है कि वह रोजाना मेरठ आते जाते हैं, इसलिए स्मॉर्ट कार्ड बनवाना था ताकि किसी भी बस में कभी भी आपात स्थिति में सफर कर सके लेकिन कार्ड बनने में देरी कारण परेशान होना पड़ रहा है। वहीं रोजाना टिकट लेने के दौरान खुले पैसे की भी दिक्कत आती है इससे परेशानी बढ़ गई है। रोडवेज प्रबंधक अखिलेश कुमार सिंह का कहना है कि इस संबंध में शिकायत मिली है, जल्द ही कंपनी से वार्ता कर समय पर स्मॉर्ट कार्ड बनवाकर वितरित कराए जाएंगे।

EDITORIAL

Quality on tap: On report of Ministry of Consumer Affairs

The report of the Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution red-flagging tap water quality in major Indian cities comes as no surprise, given that many official water distribution agencies routinely advise consumers to consume only boiled water. Going by the matrix of tests carried out by the Bureau of Indian Standards for the Ministry, Delhi has abysmal water quality, Chennai and Kolkata rank very low, and Mumbai is the only city with acceptable results. City water systems are normatively required to comply with the national standard for drinking water, IS 10500:2012, but most obviously feel no compulsion to do so. Their lack of initiative could be attributed partly to the expanding footprint of packaged drinking water, especially in populous cities, coupled with the high dependence on groundwater in fast-growing urban clusters where State provision of piped water systems does not exist. On paper, the Indian standard has a plethora of quality requirements, including absence of viruses, parasites and microscopic organisms, and control over levels of toxic substances. But in practice, municipal water fails these tests due to the lack of accountability of the official agencies, and the absence of robust data in the public domain on quality testing.

The Centre's approach to the issue relies on naming and shaming through a system of ranking, but this is unlikely to yield results, going by similar attempts to benchmark other urban services. Making it legally binding on agencies to achieve standards and empowering consumers with rights is essential, because State governments would then take an integrated view of housing, water supply, sanitation and waste management. A scientific approach to water management is vital, considering that 21 cities — including many of those found to have unclean tap water — could run out of groundwater as early as 2020, as per a NITI Aayog report. Moreover, the Central Ground Water Board estimates that nearly a fifth of the urban local bodies are already facing a water crisis due to excessive extraction, failed monsoons, and unplanned development. On the issue of regular testing, there is a case to entrust a separate agency with the task in each State, rather than relying on the same agency that provides water to also perform this function. If data on water are made public on the same lines as air quality, it would ratchet up pressure on governments to act. For too long, the response of water departments to the challenge has been to chlorinate the supply, as this removes pathogens, ignoring such aspects as appearance, smell and taste. It is time to move beyond this and make tap water genuinely desirable.

-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

Look into farmers' issues, DM says in meeting

GHAZIABAD: The district magistrate on Wednesday held a meeting with agitating farmers from Modinagar and discussed with them some of their grievances related to construction of roads and low height of underpasses along the Delhi-Meerut expressway. The DM directed the National Highways Authority of India officials to look into the farmers' problems on a priority basis. Subdivisional district magistrate, Modinagar, Saumya Pandey, has been made the nodal officer to listen to the farmers' grievances and coordinate with NHAI officials to look for a solution.

Woman says cop raped her, threatened to harm family

GHAZIABAD: A 34-year-old woman filed a complaint with the district police chief on Friday, alleging that she had been raped repeatedly by a constable posted at Sahibabad police station. Following the complaint, the constable has been sent to the police lines. The woman, a resident of Sahibabad, said she had written to the SSP's office about the alleged assault on her. According to the complaint, the constable had been raping the woman for the past six months, even though she addressed him as a brother. "I know him for the past seven months, ever since he came to live in the neighbourhood. He would initially address me as sister. But after a while, he started harassing me and touching me inappropriately," she added. The woman alleged that the cop one day barged into her house when her husband and son were away. "He entered my house and raped me. He wanted me to enter into a relationship with him. He said he would kill my son and lodge a fake complaint against me and my husband if I didn't," she alleged.

Woman accuses husband, in-laws of siphoning off Rs 1 cr from her bank account

AGRA: A 39-year-old woman hailing from Noida has registered an FIR against her estranged husband and three in-laws for allegedly siphoning off more than Rs 1 crore from her bank account by forging her signature and misusing her bank documents. A resident of Noida's Sector 50, the woman was married to a Surya Nagar-based resident in 2003. Two years later, the couple had a son. According to the FIR lodged at Hariparvat police station here, in 2011, the woman opened a shoe emporium in Kamla Nagar of Agra from her

savings. While she handled the business operations of her shoe emporium, her brother-in-law and husband took care of all the money transactions even though the bank account of the firm was in her name. Later, the woman came to know about her husband's illicit affairs and drug addiction. When she confronted him, her in-laws allegedly hatched a plan to completely take over her business and oust her from the house. The woman claimed that she had to shut her shoe emporium business on March 31 last year as she was mentally harassed and tortured for money. She claimed that several lakhs of rupees which were to lent to borrowers in the market are yet to be recovered. But before she could take any action to recover the money, her in-laws allegedly evicted her and her 13-year-old son from the house on May 27, 2018, the woman alleged.

19 child labourers rescued, employers to be booked

NOIDA: Nineteen child labourers, working in different establishments under non-hazardous conditions, were rescued on Wednesday from Mamura area under Phase III police station. The labour department said the employers will be booked and fined. Officials said that while eight minors were found working in a boutique where their job was to stitch buttons on garments, other were employed in a dhaba, kirana store and an electrician's shop, and each of them was being paid between Rs 2,000 and Rs 5,000 per month. The anti-human trafficking unit and the labour department were informed after this, Satya Prakash, manager at Childline, told TBC.

Home guard scam probe may be given to CB-CID

NOIDA: The crime branch CID is likely to take over the home guard scam case, with the district police recommending to the state headquarters the transfer of the probe to a higher agency. "The severity and magnitude of the case is quite high and the investigation needs all the details and analysis. We have recommended that the case be transferred to the state CB-CID or any other capable state-level agency, the rest is for the headquarters to decide," Gautam Budh Nagar SSP Vaibhav Krishna told TBC on Thursday. The scam came to light recently after it was found that a few platoon commandants got inflated salaries disbursed for home guards in Gautam Budh Nagar by forging their attendance register. Police suspect the scam, running into crores, was orchestrated by an organised syndicate of platoon commandants overseeing deployment of guards. Surajpur SHO Jitendra Dikhit, the complainant in the case, said the FIR has been lodged on the basis of a complaint received from a platoon commandant on July 17, 2018. Meanwhile, there is panic in the police department with many officials suspecting action on some of the officials posted in the district in the recent past.

Greater Noida drafts policy, activists say build shelters

GNoida: A policy for stray dogs is being finalised for Greater Noida in an attempt to manage the stray dog population in the area, keep rabies in check and bring down instances of conflicts. In the absence of proper infrastructure, the Greater Noida Industrial Development Authority (GNIDA) had to outsource sterilisation work to NGOs. But the GNIDA ended up paying a higher amount to the NGOs than what the Noida Authority pays (Rs 1,390 for each case), as the strays needed to be transported to sterilisation centres in vans.

Chain snatcher held in Ghaziabad after shootout with police

GHAZIABAD: A bike-borne man, who was fleeing after snatching a gold chain from a woman, was arrested in UP's Ghaziabad after an exchange of gunfire with police, officials said on Saturday. An accomplice of the arrested accused, identified as Raju, managed to flee during the firing on the Richpal Puri-Ganga Water Treatment Plant road on Friday night, SP (City) Manish Kumar Mishra said. The Vijay Nagar police were informed about the snatching incident following which a team set off in pursuit of the two suspects. As the duo sped away on their motorcycle, the rider lost control of the vehicle and both fell down, police said. In a last ditch attempt to escape being arrested, the accused opened fire at the police team. The police retaliated, injuring one of the accused who was shot in the leg, they said. Raju, a resident of Vijay Nagar, was arrested, police said, adding his accomplice took advantage of the commotion and fled. One country-made pistol, two live and as much used cartridges, looted gold chain and the bike used in snatching have been recovered from him, the SP said.

Indraprastha Gas Limited contractor, two others fined for construction

GHAZIABAD: A real estate company, a contractor of Indraprastha Gas Limited and a landowner were fined with Rs 1 lakh each on Saturday for allegedly indulging in construction activities. UPPCB regional officer Utsav Sharma said, "A fine of Rs 1 lakh has been imposed on the builder of SG Alpha in Vasundhara. Likewise, a penalty was imposed on the IGL contractor, DS Enterprises, in Sahibabad for carrying out pipe laying work in the area. The firm had also not taken any permission from the Ghaziabad Municipal Corporation.

Bus with private firm staff rams tractor on NH-9

GHAZIABAD: Nearly two dozen employees of a private textile company were injured after the bus they were travelling in collided with a tractor in Vijay Nagar area on NH-9 on Tuesday morning. According to police, around 8am, the bus driver lost control of the vehicle and hit the tractor carrying material for the construction of a road. The bus used to ferry employees of a private cloth manufacturing company from their home to office in Sector 63. Shyamvir Singh, the SHO of Vijay Nagar police station, said when the cops got information about the accident, a team reached the spot and took the injured to a nearby hospital. Most of the passengers were discharged in an hour after receiving first-aid. However, three people, who were critically injured, were referred to Safdarjung Hospital in Delhi. "Initial investigation revealed that the speed of the bus was over 60km/hr. The driver lost control and descended the bus on the kuchcha road adjacent to the main road and hit the tractor," said the SHO.

Noida Sector 63 gang rape: Family alleges police inaction

NOIDA: The family of the 18-year-old girl who was allegedly gang-raped by five youths in Sector 63 last week has expressed dissatisfaction with the probe, asking why police have failed to arrest the two remaining accused. Officers said the two absconding accused Guddu and Shyam Dikshit were continuously changing hideouts. They said police teams had been sent to Badaun, Hardoi and Saharanpur to catch the two. The girl's brother also sought to know why the authorities at the district hospital were yet to release her sister despite saying she was stable.

Ghaziabad to name, shame 'enemies of environment'

GHAZIABAD: People harming the environment and indulging in banned activities that contribute to pollution in the city will now be named and shamed. District magistrate Ajay Shankar Pandey on Sunday said a board, with the heading 'enemies of the environment', will be displayed at the District Collectorate where names of defaulters, as well as their address and the fines imposed on them, will be mentioned on a daily basis. Such boards will also be displayed in every tehsil, block and ward of the district. The names of the defaulters will also be shared on WhatsApp

